# BURARI PUBLIC SCHOOL

...a venture with **UNIQUE**

अवधिक परीक्षा -2

(2026-27)

विषय : हिंदी

कक्षा - 9 दिनांक _______

**नाम:** ........................................................ **अनुक्रमांक**.................. **शिक्षक- हस्ताक्षर**..................

**कुल अंक -40**

सामान्य निर्देश :

1. यह प्रश्न पत्र चार खंड में विभाजित हैं।
2. प्रत्येक खंड के अंक समान है।
3. प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़े।
4. सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

नोट: नई शिक्षा नीति (NEP) के दिशा-निर्देशों के अनुसार, यह अवकाश गृहकार्य मूल्यांकन एक ओपन बुक असेसमेंट के रूप में किया जाएगा। छात्रों को असाइनमेंट पूरा करते समय अपनी पाठ्यपुस्तकों, नोटबुक्स और अन्य अध्ययन सामग्री का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इस मूल्यांकन का मुख्य उद्देश्य रटने के बजाय समझ, अनुप्रयोग और विचारों की अभिव्यक्ति पर है। छात्रों को अपने कार्य में ईमानदारी और मौलिकता बनाए रखने की सलाह दी जाती है।

## खंड - क : (अपठित बोध)

**प्रश्न 1. दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए** **(5)**

बहुत से विद्वानों और चिंतकों ने इस बात को लेकर चिंता प्रकट की है कि भारतीय समाज आधुनिकता से बहुत दूर है और भारत के लोग अपने आप को आधुनिक बनाने की कोशिश भी नहीं कर रहे हैं। नैतिकता, सौंदर्यबोध और अध्यात्म के समान आधुनिकता कोई शाश्वत मूल्य नहीं है। वह कई चीजों का एक सम्मिलित नाम है। औद्योगीकरण आधुनिकता की पहचान है। साक्षरता का सर्वव्यापी प्रसार आधुनिकता की सूचना देता है। नगर-सभ्यता का प्राधान्य आधुनिकता का गुण है। सीधी-सादी अर्थव्यवस्था मध्यकालीनता का लक्षण है। आधुनिक देश वह है, जिसकी अर्थव्यवस्था जटिल और प्रसरणशील हो और जो 'टेक-ऑफ' की स्थिति को पार कर चुकी हो। आधुनिक समाज मुक्त और मध्यकालीन समाज बंद होता है। बंद समाज वह है जो अन्य समाजों से प्रभाव ग्रहण नहीं करता, जो अपने सदस्यों को भी धन या संस्कृति की दीर्घा में ऊपर उठने की खुली छूट नहीं देता, जो जाति-प्रथा और गोत्रवाद से पीड़ित है, जो अंधविश्वासी, गतानुगतिक और संकीर्ण है। आधुनिक समाज में उन्मुक्तता होती है। उस समाज के लोग अन्य समाजों के लोगों से मिलने-जुलने में नहीं घबराते, न वे उन्नति का मार्ग खास जातियों और खास गोत्रों के लिए सीमित रखते हैं। आधुनिक समाज सामरिक दृष्टि से भी बलवान समाज होता है। जो देश अपनी रक्षा के लिए भी लड़ने में असमर्थ है, उसे आधुनिक कहलाने का कोई अधिकार नहीं है।

**1. इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।**

**2. भारतीय समाज के बारे में विद्वानों की क्या चिंता है?**

**3. मध्यकालीन समाज और आधुनिक समाज में मूलतः क्या अंतर है?**

**4. आधुनिक समाज के कोई दो लक्षण लिखिए।**

**5. आधुनिक समाज की शक्ति के दो कारण बताइए।**

**प्रश्न 2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़ कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दो - (5)**

नदियाँ पर्वत से निकलकर
पथ अपना बनाती हैं,
कठिन शिलाओं से टकराकर
आगे बढ़ती जाती हैं।
रुकना उनका धर्म नहीं,
बहना ही पहचान है,
संघर्षों से जूझकर ही
मिलती सच्ची शान है।

**1. काव्यांश में "नदियाँ" किसका प्रतीक हैं?**

(a) केवल जल के स्रोत का (b) प्रकृति का (c) संघर्षशील मनुष्य का (d) पर्वत का

**2. "कठिन शिलाओं से टकराकर" का क्या आशय है?**

(a) खेलना (b) कठिनाइयों का सामना करना (c) आराम करना (d) रास्ता बदलना

**3. नदियों का "धर्म" क्या बताया गया है?**

(a) रुकना (b) मुड़ जाना (c) बहते रहना (d) सूख जाना

**4. कवि के अनुसार "सच्ची शान" कैसे मिलती है?**

(a) धन से (b) आराम से (c) संघर्षों से जूझकर (d) दूसरों की मदद से

**5. काव्यांश का मुख्य भाव क्या है?**

(a) प्रकृति का वर्णन (b) संघर्ष और निरंतर प्रयास का महत्व
(c) नदी का महत्व (d) पर्वत की विशेषता

## खंड -ख ( व्याकरणिक बोध )

**प्रश्न 3.. निम्नलिखित वाक्य को संकेत अनुसार बदलिए - (4)**

(क) अनिल पुस्तक पढ़ेगा। (विस्मयवाचक बनाइए)
(ख) विवेक बाज़ार जाएगा | (आज्ञावाचक बनाइए)
(ग) राम आज चलचित्र देखेगा। (इच्छावाचक बनाइए)
(घ) विवेक बाज़ार जाएगा | (विस्मयवाचक बनाइए)
(ड) रवींद्र आजकल दिनभर पढ़ता रहता है। (प्रश्नवाचक बनाइए)
(च) क्या इस बार हमारे विद्यालय में बहुत बड़े-बड़े आदमी नहीं आ रहे हैं (निषेधार्थक बनाइए)
(छ) शायद वह सामान खरीदने के लिए बाज़ार गया है। (निषेधार्थक बनाइए)
(ज) क्या राम और श्याम अब साथ-साथ रहते हैं? (विधानार्थक रूप में बदलिए)

**प्रश्न 4.निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त प्रत्यय तथा मूल शब्द अलग कीजिए- (3)**

| | | |
|---|---|---|
| 1.बालकपन | 2.लिखाई | 3.मिठास |
| 4.पढ़ाई | 5.लड़कपन | 6.छोटापन |

**प्रश्न 5. निम्नलिखित समस्तपदों का विग्रह करके समास का भेद लिखिए- (4)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1.देश-विदेश | 2.यथामति | 3.चतुर्भुज | 4.यथाशक्ति |
| 5.मातृभूमि | 6.देवालय | 7.आत्मविश्वास | 8.जलपान |

## <u>(खंड - ग) साहित्य बोध</u>

**प्रश्न 7. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (4)**

**1. "हैट टाँगने के लिए कोई भी खूंटी काम दे सकती है... असली वस्तु है हैट, खूँटी नहीं।" निबंध में 'हैट' और 'खूँटी' का उल्लेख किस भाव को सबसे अधिक उजागर करता है?**

(क) विषय से अधिक लेखक के भावों की प्रधानता को दर्शाना

(ख) विचार से अधिक तथ्य आधारित सामग्री को प्रमुख बताना

(ग) शैली से अधिक भाषा व्यवस्था की उपयोगिता बताना

(घ) उदाहरण से अधिक सिद्धांत आधारित लेखन का समर्थन करना

**2. "उनमें लेखक की सच्ची अनुभूति रहती है... उसका उल्लास रहता है।" मानटेन की पद्धति लेखक के लिए किस निर्णय का आधार बनती है?**

(क) शैली और स्पष्ट-सहज भाषा को महत्व न देना

(ख) परंपरागत निबंधकारों को अस्वीकार करना

(ग) अध्ययन के बिना अपने विचार प्रस्तुत कर देना

(घ) अनुभव आधारित स्वच्छंद लेखन को अपनाना?

**3."जनक बहोरि आइ सिरु नावा। सीय बोलाइ प्रनामु करावा" पंक्ति से राजा जनक के व्यवहार की कौन-सी विशेषता उद्घाटित होती है?**

(क) संवेदनशीलता

(ख) शिष्टता

(ग) सहनशीलता

(घ) उदासीनता

**4. "अति रिस बोले बचन कठोरा।" जनक के प्रति परशुराम के कठोर वचन बोलने का मूल कारण था-**

(क) उचित आदर-सत्कार न मिलना

(ख) जनक द्वारा समाचार छिपाना

(ग) शिव-धनुष का खंडित होना

(घ) अन्य राजाओं की सभा में उपस्थिति

**प्रश्न 8. निम्न प्रश्नों में से किन्ही (तीन )का उत्तर दें - (6)**

1. तुलसीदास ने राम और लक्ष्मण के माध्यम से एक ही परिस्थिति के प्रति दो अलग-अलग प्रतिक्रियाएँ दिखाई हैं। आपकी दृष्टि में परशुराम के क्रोध को शांत करने के लिए राम का 'विनय' का मार्ग उचित है या लक्ष्मण के 'तर्क' का? अपने उत्तर का उचित कारण और तर्क भी प्रस्तुत कीजिए।

2. 'हृदयँ न हरषु बिषादु कछु बोले श्रीरघुबीरु ।' श्री राम के हृदय में न हर्ष था, न विषाद। यह उनके व्यक्तित्व के किन गुणों को दर्शाता है? उनका भावनात्मक संतुलन इस पूरे पाठ में उन्हें अन्य पात्रों से अलग कैसे स्थापित करता है?
3. नमिता और अमिता किन विषयों पर निबंध लिखवाना चाहती हैं? उनके द्वारा सुझाए गए विषयों पर निबंध लिखने में लेखक को क्या-क्या कठिनाइयाँ आईं?
4. निबंधशास्त्र के आचार्यों ने आदर्श निबंध लिखने की कौन-सी युक्तियाँ सुझाई हैं? आप किसी भी विषय पर निबंध लिखने से पहले किस तरह की तैयारी करते हैं?

## खंड -घ ( रचनात्मक बोध )

**प्रश्न 10.अपने मित्र को पत्र लिखकर धन्यवाद दीजिए कि उसने बुरे वक्त में आपका साथ दिया| (5)**

- प्रारूप (प्रारम्भ और अंत सुचरु रूप से हो )
- विषयवस्तु
- भाषा शुद्धता

**प्रश्न 11.'विद्यालय में हो रहे 'हिंदी दिवस 'के आयोजन के लिए विद्यार्थियों को विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने हेतु अपना नाम नामांकित करने के लिए सूचना तैयार कीजिए (4)**